सं V-16015/5/2013-14/AMC/HQND/IT
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय
( क्षेत्र संकार्य प्रभाग )
सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग

पूर्वी खंड -6, तल 4-7,
राम कृष्ण पुरम, नई दिल्ली -110066 .
दिनांक: 22/11/2013

सेवा में
मै. ____________________
________________________
________________________

विषय: कंप्यूटर और पेरिफेरल्स के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध - के बारे में।.

महोदय ,

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय( क्षेत्र संकार्य प्रभाग ) मुख्यालय कार्यालय, राम कृष्ण पुरम, नई दिल्ली में स्थापित नेटवर्किंग सहित कंप्यूटर हार्डवेयर और सोफ्टवेयर(सूची -1से 6) के व्यापक रखरखाव के लिए 02.12.2013 से 01.12.2014 तक की अवधि के लिए मुहरबंद दरें(कोटेशन) आमंत्रित की जाती हैं। रखरखाव अनुबंध परिशिष्ट -1 में दिए गए नियमों और शर्तों के अनुसार संचालित किया जाएगा । नियमों और शर्तों से सहमत इच्छुक विक्रेता अपने कोटेशन('कंप्यूटर और पेरिफेरल्स के वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिए कोटेशन' ऊपर लिखा हुआ) निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट -II ) में कार्यालय अध्यक्ष के नाम , राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय( क्षेत्र संकार्य प्रभाग ), तल 4-7, पूर्वी खंड -6, आर.के.पुरम, नई दिल्ली -110066 में जमा करा दें। कोटेशन 6.12.2013 को या इससे पहले अधोहस्ताक्षरी को 3:00 बजे अपराह्न तक पहुँच जाना चाहिये।

यह सुझाव दिया जाता है कि व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिये सूची 1 से 6 में सूचीबद्ध सभी अद्वितीय मदों के लिए लागू होने वाले सेवा कर , वैट आदि सहित मद वार दरें उद्धृत की जाएं । यदि अपेक्षित दस्तावेज में निर्धारित प्ररूप में विधिवत संलग्न नहीं पाई जाती हैं तो कोटेशन पर विचार नहीं किया जा सकता है ।

प्राप्त कोटेशनो को दिनांक 06.12.2013 को 4:00 बजे अपराह्न उपस्थित होने के इच्छुक विक्रेताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा । राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय( क्षेत्र संकार्य प्रभाग ) बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी कोटेशन अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

संलग्नक: यथोक्त

Dy. No. 1713
Date 27/11/13

भवदीय ,

(फखरे आलम )
उप निदेशक व कार्यालय के अध्यक्ष
फोन: 011-26188702
ईमेल: fodhq.it @ gmail.com

प्रति :
1 . उप महानिदेशक , कंप्यूटर सेंटर , सां. एवं कार्य.कार्या. मंत्रालय को मंत्रालय की वेबसाइट तथा tenderindia.com पर विज्ञापन करने के अनुरोध के साथ ।
2 . सहायक निदेशक (रा.भा.)हिंदी अनुवाद के लिए ।

(फखरे आलम )

परिशिष्ट-II

# <u>प्रपत्र</u>

1 . विक्रेता का नाम:

2 . पता:

3 . संपर्क व्यक्ति का नाम :
( मोबाइल नंबर के साथ )

4 . अनुभव (एएमसी प्रदान करने के वर्षों की संख्या)

5 . वर्तमान ग्राहकों की सूची (विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र में )

6 . पिछले दो वर्षों के दौरान कारोबार(Turnover):

7 . क्या --------------------------------के साथ पंजीकृत हैं :

- बिक्री कर प्राधिकरण
- आयकर प्राधिकरण
- सर्विस टैक्स प्राधिकरण

( हां , तो संबंधित प्रमाण पत्र की प्रतियां संलग्न )

नाम: ________________

हस्ताक्षर: ________________

तिथि : ________________

स्थान: ________________

# राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय
# ( क्षेत्र संकार्य प्रभाग )

## नियम और शर्तें

1 . कंप्यूटर, पेरिफेरल्स और नेटवर्किंग के रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी ) एनएसएसओ (एफओडी ), मुख्यालय , तल 4-7, पूर्वी खंड -6 , आर के पुरम, नई दिल्ली -110066 के लिए प्रदान किया जाना है।

2 . यह अनुबंध एक वर्ष की अवधी के लिए है जिसे एनएसएसओ ( एफओडी ) तथा विक्रेता की परस्पर सहमति से आगे विशिष्ट अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है और सहमति प्राप्त दरें अनुबंध की पूरी अवधि के लिए लागू रहेगी।

3 . रखरखाव सेवा सामान्य कार्यालय समय यानी प्रात: 9.30 बजे से सांय 6.00 बजे के दौरान ही उपलब्ध कराई जाएगी।

4 . विक्रेता द्वारा प्रणाली के समुचित रखरखाव के लिए तिमाही आधार पर निवारक रखरखाव (पीएम) प्रदान किया जायेगा ।

5 . विक्रेता को डीडीओ, एनएसएसओ (एफओडी ), मुख्यालय आर के पुरम, नई दिल्ली के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पर आहरित सावधि जमा के रूप में एएमसी की राशि का 10% बयाना राशि जमा कराना आवश्यक
होगा। यह राशि अनुबंध के सफल समापन के बाद वापस हो जाएगा। .

6 . विक्रेता वारंटी के अंतर्गत प्रणालियों(सिस्टम्स) के लिए संबंधित निर्माताओं के साथ संपर्क बनाने के लिए जिम्मेदार होगा। .

7 . विक्रेता का यह दायित्व होगा कि अनुबंध अवधि के दौरान सभी कंप्यूटर और पेरिफेरल्स संतोषजनक ढंग से काम करते रहें तथा अनुबंध की समाप्ति पर सिस्टम काम करने की स्थिति में डिवीजन को सौंपने के लिए भी लिए विक्रेता का दायित्व होगा। .

8 . प्रत्येक तिमाही के पूरा होने और विक्रेता द्वारा उस तिमाही में प्रदान की गयी संतोषजनक सेवा के बाद एएमसी राशि का केवल 4 ( चार ) बराबर त्रैमासिक किश्तों में भुगतान किया जाएगा। .

9 . विक्रेता एचडबल्यू/एसडबल्यू तथा संचालन के रखरखाव में कम से कम **2वर्षों** का अनुभव रखने वाले विधिवत डिग्री/डिप्लोमा धारक फिल्ड निवासी अभियंता सभी कार्य दिवसों में प्रात: 9.30 बजे से सांय 6.00 बजे उपलब्ध करायेगा इंजीनियर की सेवाएं स्तरीय नही पाये जाने पर विक्रेता उस व्यक्ति के स्थान पर तत्काल दूसरा व्यक्ति उपलब्ध करायेगा

10 . कॉल का प्रति उत्तर समय 24 घंटे के भीतर होना चाहिए . निर्धारित समय के भीतर प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं होने के मामले में,रु.500/- प्रति कार्य दिवस दंड लगाया जायेगा जिसकी कटौती विक्रेता को उस तिमाही के लिए भुगतान से की जाएगी।

11 . निवारक या उपचारात्मक रखरखाव के दौरान , विक्रेता डेटा की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होगा। किसी भी डेटा हानि की स्थिति में, यह डेटा को वापस प्राप्त करने के लिए विक्रेता की जिम्मेदारी होगी। .

12 . खराब हिस्सो को बदलने के साथ- साथ व्यापक अनुबंध ' होने के कारण उपभोज्यों 'कार्टेज,, एडेप्टर और केबल ' के अलावा साइट पर हार्डवेयर सपोर्ट उपलब्ध कारवाई जाएगी ।

13 . विक्रेता को सक्षम उप महानिदेशक (प्रशासन) के अनुमोदन के बिना किसी भी कंप्यूटर / उपकरणों को कार्यालय परिसर के बाहर मरम्मत के लिए ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

14 . विक्रेता को एएमसी के तहत सभी कंप्यूटरों / उपकरणों की सुरक्षा और उचित देखभाल सुनिश्चित करना होगा।

15 . सेवाएं संतोषजनक नहीं पाए जाने के मामले में, अनुबंध दो सप्ताहका नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है और प्रदान की गई सेवा के लिए भुगतान यथानुपात आधार पर किया जाएगा।

16 . भुगतान सरकारी नियम और विनियम के अधीन किया जाएगा ।

17 . एनएसएसओ ( एफओडी ) एएमसी अवधि के दौरान प्रस्तावित दरों पर कंप्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप, स्कैनर और कंप्यूटर के अन्य पेरिफेरल्स की संख्या में वृद्धि या कमी करने का अधिकार सुरक्षित है,

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर: | हस्ताक्षर: |
| वेंडि | विक्रेता |
| पदनाम: | पदनाम: |

गवाह :

1.

2.